वृंदावन के प्रेम मंदिर की तर्ज पर बनेगा बीकानेर वैष्णोधाम पार्क

- इस मंदिर में प्रेम मंदिर की तरह की राधा-कृष्ण, सुदामा, ग्वाले, शेष नाग सहित छह झांकियां सजेंगी, इसके लिए मंदिर में अलग से पार्क विकसित किया जायेगा, इसमें फव्वारे भी लगेंगे
- यह पार्क 80 गुना 200 फीट का होगा, बीकानेर में एक नया टूरिस्ट पैलेस के रूप में वैष्णोधाम पार्क पहचाना जायेगा

बीकानेर, (कासं)। वृंदावन के प्रेम मंदिर की तर्ज पर बीकानेर के वैष्णोधाम को भी विकसित किया जायेगा। इस मंदिर में प्रेम मंदिर की तरह की राधा-कृष्ण, सुदामा, ग्वाले, शेष नाग सहित छह झांकियां सजेंगी, इसके लिए मंदिर में अलग से पार्क विकसित किया जायेगा। इसमें फव्वारे भी लगेंगे। यह पार्क 80 गुना 200 फीट का होगा। इन झांकियां के अलावा वैष्णोधाम में बने मंदिर और पहाडियां रंग-बिरंगी रोशनी से झिममिलायेंगे।

मंदिर की पहाड़ियों पर लाइटिंग का काम दिल्ली की फर्म को दिया गया है। सबसे पहले गणेश मंदिर में लाइटिंग इसी नवरात्रा में शुरू कर दी जायेगी। वहीं मंदिर में बनने वाले पार्क में लगने वाली दूब और फूल भी दिल्ली से मंगवाए जायेंगे। पार्क में लगने वाली झांकियां बंगाल के कलाकार बीकानेर में ही तैयार करेंगे। मंदिर में लाइटिंग, पार्क, झांकियां के अलावा एक हॉल में फाल सिलिंग सहित अन्य काम भी करवाए जायेंगे। ये सब काम दो साल में पूरे होंगे। ये काम होने के बाद बीकानेर में एक नया टूरिस्ट पैलेस के रूप में वैष्णोधाम पहचाना जायेगा।

श्री भगवती मंडल सेवा संस्थान (ट्रस्ट) के अध्यक्ष सुरेश खिवाणी ने बताया कि मंदिर के सत्संग भवन की फाल सीलिंग सहित मंदिर के रिनोवेशन के काम पर करीब 22 लाख रूपए खर्च किए जायेंगे। वहीं लाइटिंग पर 25 लाख रूपए खर्च होंगे। पार्क को विकसित करने और झांकियां लगाने पर करीब 30 लाख रूपए खर्च होंगे। मंदिर में होने वाले इन कामों के लिए हरीश मदान, मनोज हंस, केशव रहेजा, मनोहर लाल छाबड़ा, दिनेश मेहता, राजेश गुप्ता ने बताया कि सभी काम जनसहयोग से किए जायेंगे। अब सदस्यों की टोली लोगों के घर-घर पहुंचकर धनराशि एकत्रित करेगी। विदित रहे कि वैष्णोधाम मंदिर का शिलान्यास 9 नवम्बर 2000 को हुआ था। वहीं 17 फरवरी 2002 को इस मंदिर में वैष्णो मंदिर की मूर्ति स्थापित की गई थी।

वैष्णोधाम मंदिर में 20 वोल्ट का सोलर प्लांट पहले ही लगाया जा चुका है। अब मंदिर में लाइटिंग का काम और होगा। इसके बाद सोलर प्लांट की क्षमता और बढ़ाई जायेगी। यानी मंदिर में सजाने के काम आने वाली लाइटें सोलर प्लांट से ही जलेगी। मंदिर के मनोज हंस और हरीश मदान ने बताया कि सोलर प्लांट लगाने के बाद मंदिर में लाइट का खर्चा कम हो गया।

अब लाइटिंग का और काम होना है ऐसे में बिजली खर्च बढ़ेगा। बढ़े हुए बिजली खर्च का पैसा मंदिर के विकास पर खर्च किया जा सकेगा। 22 लाइटें लगाई जायेगी। वैष्णोधाम में लगने वाले लाइटों का काम दिल्ली की फर्म को दिया गया है। यह फर्म लाइटें लगाने का काम इसी महीने शुरू कर देगी। सबस पहले गणेश मंदिर में लाइटिंग होगी। मंदिर में लगने वाली लाइटें अलग-अलग रंग बिखरेंगे। ऐसी करीब 22 लाइटें पूरे मंदिर परिसर में लगाई जायेगी। इसके अलावा एक बड़ी लाइट लगेगी।

मंदिर के पहाड़ों पर भी लाइटें लगेगी जिससे शाम के बाद मंदिर दूर से ही नजर आयेगा। चैत्र नवरात्र अष्टमी को यहां होगा 251 कन्याओं का पूजन और भंडारा चैत्र नवरात्र की अष्टमी के मौके पर वैष्णोधाम मंदिर में कन्या पूजन होगा। इस दिन यहां 251 कन्याओं का पूजन होने के बाद भंडारा होगा। भंडारे में करीब 5 हजार आदमी शामिल होंगे। इसी दिन रात को जागरण होगा। वहीं 6 अप्रैल को रामनवमी के मौके पर शाम को 7 बजे सुंदरकांड पाठ होंगे। दोपहर में 12 बजे भगवान राम की विशेष पूजा और श्रृंगार किया जायेगा। प्रसाद वितरण भी दिन भर चलेगा।

जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ सिटी थाना पुलिस ने कैफे में तोड़फोड़ और हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी विशाल कश्यप सूरतगढ़ के वार्ड नंबर 39 ढाब स्थित गणेश मंदिर क्षेत्र का रहने वाला है।

थाना के एसएसआई रणवीर सिंह ने बताया कि घटना 26 जनवरी की रात की है। इसे लेकर त्रिमूर्ति मंदिर क्षेत्र में स्थित विजार्ड कैफे के संचालक और फरीदसर गांव के निवासी विकास कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कैफे संचालक विकास कुमार ने बताया था कि रात करीब 8 बजे वह कैफे पर बैठे थे। वहां महावीर बिश्नोई, सुरेश बिश्नोई, आशीष कौशिक और पवन सारस्वत भी मौजूद थे। इसी दौरान मुराद, विशाल कश्यप, कैलाश पंडित, प्रकाश भट्ट, अभिमन्यु राठौड़ उर्फ लाला समेत 10-15 लोग आये और कैफे पर हमला कर दिया।

आरोपियों ने कैफे पर ईंटें और पत्थर फेंके। इससे कैफे के शीशे और फर्नीचर टूट गए। हमलावरों ने कैफे में मौजूद सुरेश बिश्नोई और महावीर बिश्नोई के सिर पर ईंटें मारकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। आसपास के लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

बीकानेर के चार फिटनेस सेंटर बंद

बीकानेर, (कासं)। यहां संचालित चार फिटनेस सेंटरों की अवधि पूरी होने के बाद अब वहां वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकेगी।

सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी फिटनेस सेंटरों को 31 मार्च 2025 तक ऑटोमेटिक मशीनों से लैस किया जाना था। लेकिन बीकानेर सहित प्रदेश के अधिकांश फिटनेस सेंटर संचालकों ने ऐसा नहीं किया। नतीजतन अब केवल अजमेर और जयपुर के ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर पर ही वाहनों की फिटनेस हो सकेगी, जिससे वाहन मालिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

बता दें सामान्य फिटनेस सेंटर में वाहनों की जांच मैन्युअली की जाती थी, जहां निरीक्षकों द्वारा गाड़ियों की ब्रेकिंग, सस्पेंशन, लाइटिंग और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की जाती थी। वहीं ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर में पूरी प्रक्रिया मशीनों द्वारा संचालित होती है। फिटनेस बाधित होने से ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स उद्योग पर सीधा असर पड़ेगा।

बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के वाहन सड़कों पर नहीं चल सकते। अब वाहन चालकों को अपने वाहनों की फिटनेस जांच करवाने के लिए अजमेर या जयपुर जाना पड़ेगा।

सार-समाचार

पदोन्नति को लेकर ज्ञापन सौंपा

वरिष्ठ प्रदर्शकों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी को ज्ञापन सौंपा।

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन बीकानेर के बैनर तले गुरूवार को वरिष्ठ प्रदर्शकों ने सलेक्शन स्केल एवं सहायक आचार्य के पद पर पदोन्नति के संबंद्ध में प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी को प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग ग्रुप-(1) के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि वरिष्ठ प्रदर्शकों की पदोन्नति बाबत पूर्व में कई बार ज्ञापन दिए जाने के बाद भी अभी तक वरिष्ठ प्रदर्शको की विभिन्न मांगे लंबित है। वरिष्ठ प्रदर्शको की प्रमुख मांगे सभी वरिष्ठ प्रदर्शकों का राज्य सरकार के साथ पूर्व में हुए समझौते के अनुसार सलेक्शन स्केल अथवा ग्रुप-2 के चिकित्सा अधिकारी के समान 6,12,18 वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर मिलने वाले वित्तीय लाभ वरिष्ठ प्रदर्शकों को भी दिए जाये। योग्यताधारी पी.जी. वरिष्ठ प्रदर्शकों को सहायक आचार्य के पद पर एक साथ पदोन्नति दी जाए। एसपीएमसी टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.बी.के. गुप्ता, सचिव डॉ. विवेक सामौर, डॉ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. अरूण शर्मा, डॉ. चंद्रपाल, डॉ. शैली छाबड़ा, डॉ. ममता चौधरी, डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. साइना सहित अन्य डॉक्टर्स ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित रहे।

अवैध बंदूक सहित गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। पुलिस ने अवैध हथियारों और मादक पदार्थों के खिलाफ ऑपरेशन फ्लैश आउट अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस को पहली सफलता मिली है। नोखा के जसरासर थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध एमएल गन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नरपत सिंह बावरी के रूप में हुई है। वह बीकानेर के सेरूणा थाना क्षेत्र के गोपालसर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यह अभियान पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश के निर्देश में चलाया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कैलाश सिंह सांदू के मार्गदर्शन में पुलिस टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। थाना प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में उप-निरीक्षक रविन्द्र सिंह और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में कांस्टेबल मिंटू, बलवान, विष्णु और कैलाश शामिल थे।

शांतिभंग में 8 गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर पुलिस ने अचानक ही चार टीमें गठित कर खंडहर और सुनसान जगहों पर दबिश दी। यहां से नशेड़ी प्रवृति के 45 युवकों को राउंडअप किया गया। इनके अलावा 8 को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। राउंडअप किए गए युवकों को गहन पूछताछ के बाद जरूरी जानकारी जुटाकर और समझाइश कर छोड़ दिया गया। डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि कई दिनों से गुप्त रूप से सूचनाएं मिल रही थी कि शहर के सरकारी खंडहर आवास और सुनसान जगहों पर नशेड़ी नशा करने को जमघट लगाये रहते हैं। इस पर एएसपी रघुवीर शर्मा के निर्देशन में चारों थानों के प्रभारियों की टीमें गठित की गई।

बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के 34 स्कूली वाहन सीज

- घड़सीसर स्थित चैतन्य टेक्नो स्कूल में बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के चल रहे 34 वाहनों पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई की

बीकानेर, (कासं)। शहर के घड़सीसर स्थित चैतन्य टेक्नो स्कूल में बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के चल रहे 34 वाहनों पर परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीज किया।

आरटीओ अनिल पंड्या, डीटीओ भारती नैथानी, इंस्पेक्टर कपिल कस्वां, करणा राम और रानी सुखवाल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि स्कूली बसें और वैन बिना जरूरी दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों के चल रही हैं।

जब जांच की गई, तो स्कूल में 6 बसें, 23 वैन और 5 निजी वाहन ऐसे पाए गए, जो बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के ही बच्चों को ढो रहे थे। यह बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा था। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (आरटीओ) के निर्देशन में दो टीमों ने संयुक्त रूप से स्कूल का निरीक्षण किया और सभी अवैध रूप से संचालित वाहनों को सीज कर आरटीओ ऑफिस में खड़ा कर दिया। फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य की अनिवार्यता यह सुनिश्चित करता है कि वाहन चलने लायक है और उसकी तकनीकी स्थिति ठीक है। दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए वाहन बीमा अनिवार्य है। दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को किसी प्रकार की बीमा सुरक्षा नहीं मिलती। बिना फिटनेस के वाहन चलाने से ब्रेक फेल, टायर फटने या अन्य तकनीकी खराबी से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

आरटीओ अनिल पंड्या ने जनहित में अपील करते हुए कहा कि अभिभावकों को जागरूक रहना होगा और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बच्चों के स्कूल वाहन के सभी दस्तावेज सही हैं या नहीं। स्कूल प्रबंधन को वाहनों की समय-समय पर जांच करानी होगी ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परिवहन विभाग भी अब नियमित अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करेगा। बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। बिना फिटनेस और इंश्योरेंस वाले वाहन दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं। परिवहन विभाग को ऐसे वाहनों पर नियमित कार्रवाई करनी होगी।

अभिभावकों को भी सतर्क रहना चाहिए और स्कूलों से अपने बच्चों की सुरक्षा की गारंटी मांगनी चाहिए। स्कूल प्रबंधन को जिम्मेदारी लेनी होगी और सभी नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। यह केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए बल्कि इसे निरंतर जारी रखना होगा ताकि भविष्य में कोई भी स्कूल प्रशासन बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ न कर सकें। शहर में केवल स्कूल वाहन ही नहीं बल्कि एम्बुलेंस और अन्य व्यावसायिक वाहन भी बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के धड़ल्ले से चल रहे हैं।

ससुराल से जेवर चोरी कर पीहर ले गई बहू

हनुमानगढ़,(कासं)। भादरा पुलिस थाने में सास ने बहू के खिलाफ घर से जेवर चोरी करने और ब्लैकमेल कर रूपये ऐंठने का मामला दर्ज कराया है।

जेवरात व कीमती सामान चोरी कर पीहर जाने और ससुराल वालों को ब्लैकमेल कर उनसे रूपये ऐंठने, रूपए देने बंद करने पर झूठी शिकायतें कर मुकदमे करवाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक महिला ने अपनी बहू व उसके पीहर पक्ष के कई लोगों के खिलाफ भादरा पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार सिलोचना (50) पत्नी मोलूराम जाट निवासी किराड़ बड़ा पीएस भादरा ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसके बेटे सुनील कुमार का विवाह 2 वर्ष पूर्व सारिका पुत्री रूपराम जाट निवासी कुतियाना तहसील नाथूसरी चौपटा, हरियाणा के साथ हुआ था। मोनिका का विवाह सारिका के भाई मनोहर के साथ सम्पन्न हुआ था। चूंकि दोनों शादी अट्टा-सट्टा में होने के कारण शादी में किसी भी प्रकार का दान-दहेज न तो लिया गया और न ही दिया गया था।

सवारियों से भरी मिनी बस पलटी, 6 घायल

- गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे, एक ही परिवार की 6 महिलाएं घायल

बीकानेर, (कासं)। जिले के सेरुणा थाना क्षेत्र में फिर सड़क हादसा हो गया। एक ही परिवार के 20 लोगों से भरी मिनी बस पलट गई। हादसे में 6 महिलाएं घायल हो गई। हालांकि किसी को बहुत गंभीर चोट नहीं लगी है। इससे पहले इसी थाना क्षेत्र में ट्रेवलर बस की डंपर से टक्कर में एक की मौत हो गई थी।

जानकारी अनुसार- श्रीडूंगरगढ़ में एक गृह प्रवेश में शामिल होने के लिए परिवार मिनी बस में आया था। स्कूल की मिनी बस में परिवार कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वापस बीकानेर की ओर लौट रहा था। रास्ते में पशु आने से स्पीड में चल रही मिनी बस पलट गई। इस बस में सवार सभी 20 लोगों को चोट आई है लेकिन आगे बैठी छह महिलाओं को ज्यादा चोट आई है।

घायलों को पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर रेफर किया गया। घायल बीकानेर शहर के बताए जा रहे हैं। फिलहाल श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त मिनी बस को हटा दिया है और रास्ता फिर से शुरू कर दिया है। ये लगातार दूसरी रात है। जब सेरूणा थाना क्षेत्र में सड़क हादसा हुआ है। इससे पहले जयपुर जा रही एक ट्रैवल बस और डंपर की टक्कर हो गई थी, जिसमें एक की दर्दनाक मौत हो गई थी।

मोबाइल चोर गिरफ्तार : श्रीगंगानगर कोतवाली पुलिस ने दुर्गा मंदिर मार्केट में स्थित एक दुकान के दुकानदार का मोबाइल फोन चोरी करने की घटना का खुलासा कर दिया है। बस अड्डा चौकी प्रभारी ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई स्वर्ण सिंह ने बताया कि पुरानी आबादी निवासी सीताराम भाट व सोनू नायक को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से मोबाइल फोन चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में परिवादी पीलीबंगा निवासी राजीव सुथार ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि वह दुर्गा मंदिर मार्केट में रेडिमेड कपड़ों की दुकान करता है।

तलवार सहित गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। पुलिस ने अवैध हथियार के विरुद्ध चलाए अभियान में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस थाना अनूपगढ़ के एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि क्षेत्र में हुई चोरियों की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही थी। फुटेज में एक युवक तलवार लेकर घूमता हुआ दिखाई दिया। गुरूवार को एएसआई लालचंद, हैड कांस्टेबल पदम सिंह और कांस्टेबल बजरंग प्रेमनगर में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सीसीटीवी में दिखा वह युवक उन्हें मिल गया। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से धारदार तलवार बरामद की गई।

खोया पाया

रंजना ध्यानी पुत्री श्री मदन मोहन ध्यानी पता D-01 सुखसागर अपार्टमेण्ट कोठारी हॉस्पिटल के पिछे बीकानेर के सम्पति के कागजात1.ग्राम रसीदपुरा तह.मौलासर जि.डीडवाना का खसरा नं.529/47 रकबा 3.01बीघा जो कि उपपंजियन मौलासर द्वारा रजिस्टर्ड है व रसीद क्रमांक 49दिनांक 30.11.15जिल्द नम्बर 140 पृष्ठ सं.128 पुस्तक सं.-01 पर दर्ज है। यह सेल डीड के कागजात है।

2.खसरा नं 529/47 रकबा 3.01 बीघा में से 2205.42 वर्गमीटर (205X115फुट 8") जो कि भू संपरिवर्तन के दस्तावेज है। रसीद सं. 70 दिनांक 1.03.2016 तहसीदार डीडवाना के आदेश सं. 2016/584 दिनांक 25.02.2016पुस्तक सं.01 जिल्द सख्यां. 143 पृष्ठ सं. 170 क्र.सं.413/16 पर पंजीकृत है। पब्लिक पार्क बीकानेर में दिनांक 31.3.25 को खो गए है।

बीकानेर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

- गर्मी ने अपना रोद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है
- ऐसे में आने वाले दिनों में गर्मी के रिकॉर्ड भी टूट सकते हैं

बीकानेर, (कासं)। मौसम गर्म होता जा रहा है। धूप की तेजी बढ़ने लगी है। दोपहर में सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। फिलहाल तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस-पास पहुंच गया है। आने वाले महीनों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। तापमान में फिलहाल गिरावट की कोई उम्मीद नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार- बीते 24 घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। न्यूनतम पारा 21.3 डिग्री सेल्सियस रहा। आम दिनों की तुलना में बीकानेर में तापमान करीब तीन डिग्री सेल्सियस अभी भी ज्यादा है। आमतौर पर बीकानेर में इन दिनों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस के आस-पास अधिकतम रहता है। अभी ये 40 का आंकड़ा छूने की कोशिश में है। फिलहाल बीकानेर को गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। पश्चिमी राजस्थान में किसी तरह का पश्चिमी विक्षोभ नहीं है, जिससे बारिश हो सके।

वहीं कोटा, बारां व बूंदी क्षेत्र में बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। कोटा के लिए तो मौसम विभाग ने येलो अलर्ट तक जारी कर दिया है। आने वाले दिनों में बीकानेर में किसी तरह की बारिश की उम्मीद नहीं की जा रही है। अभी अप्रैल का पहला ही सप्ताह चल रहा है और गर्मी ने अपना रोद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

चाइनीज़ मांझे से लैब असिस्टेंट घायल

बीकानेर, (कासं)। शहर में चाइनीज़ मांझे का खतरा लगातार बना हुआ है। ताजा घटना में रानीसर बास निवासी एवं पीएचसी सुरणाना में कार्यरत लैब असिस्टेंट इंसाफ अली गंभीर रूप से घायल हो गए।

बीती शाम वह मांझे की चपेट में आ गए, जिससे उनके चेहरे पर गहरी चोटें आई। स्थानीय राहगीरों ने उन्हें तुरंत ट्रोमा सेंटर, पीबीएम अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब है कि पहले भी चाइनीज़ मांझे से इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद इसकी बिक्री बेरोकटोक जारी है। बाजार में खुलेआम बिक रहा है।

प्रशासन द्वारा प्रतिबंध के बावजूद भी बाजारों में खुलेआम चाइनीज़ मांझा बेचा जा रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

मच्छरों को पनपने से रोकने की घर-घर जाकर जानकारी दी

- मलेरिया- डेंगू पर नियंत्रण के लिए मलेरिया क्रैश कार्यक्रम शुरू

बीकानेर, (कासं)। मलेरिया- डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों के समय रहते नियंत्रण के लिए मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का आगाज हो गया। इसी क्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ लोकेश गुप्ता ने उदासर तथा बीकानेर शहरी क्षेत्र के विभिन्न घरों में हो रही सर्वे तथा एंटी लार्वा गतिविधियों को क्रॉस चैक किया।

सहायक मलेरिया अधिकारी अशोक व्यास के साथ पानी की टंकियों, कूलर, परिंडों, फ्रिज ट्रे, स्टोर, छत के कबाड़ इत्यादि की जांच की। यहां कई स्थानों पर जमा पानी को खाली करवाया तथा पानी की टंकियां को ढक कर रखने की सलाह दी। मोहल्ले वासियों को एंटी लार्वा व एंटी एडल्ट गतिविधियों की जानकारी दी।

सीएमएचओ डॉ पुखराज साध ने बताया कि मलेरिया वार्षिक कैलेंडर गतिविधियों के अनुसार 14 मई तक मलेरिया क्रैश कार्यक्रम प्रथम चरण आयोजित किया जायेगा, जिसमें मच्छर के प्रजनन स्थलों पर सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वा, एंटी एडल्ट व आईईसी गतिविधियां होंगी। लार्वा प्रदर्शन के माध्यम से मच्छर जनित रोगों से बचाव की जानकारी दी जायेगी। मलेरिया क्रैश कार्यक्रम प्रथम चरण के दौरान बायोलॉजिकल कन्ट्रोल के तहत हैचरी को क्रियाशील करना व स्थाई जल स्रोतों में गम्बूशिया डालना जैसी गतिविधियां सुनिश्चित की जायेगी।

जिला कार्यक्रम समन्वयक मालकोश आचार्य ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम, फेसबुक व ट्विटर पर संचालित हेल्दी बीकानेर हैंडल से भी लोगों को जानकारी दी जायेगी। पॉजिटिव केस के लिये समयबद्ध सॉर्स रिडक्शन, एंटी लार्वा, एंटी एडल्ट व आईईसी गतिविधियां करवायी जायेंगी।

डॉ लोकेश गुप्ता ने आमजन को बताया कि मच्छरों की रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका होता है एंटी लार्वा एक्टिविटी, जिसके तहत मच्छरों को पनपने से ही रोक दिया जाता है। इस क्रम में गंदे पानी के इकट्ठा होने पर एमएलओ, पाइरेथ्रम छिड़काव, साफ पानी के तालाबों पर बीटीआई, पेयजल में टेमीफॉस, खाद्य तेल, घरों में पाइरेथ्रम स्प्रे तथा जल स्त्रोत में मच्छर का लार्वा खाने वाली गम्बूशिया मछली डलवाने का कार्य जोरों पर है। आमजन को इस मुहिम से जुड़ते हुए एंटी लार्वा गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। पक्षियों के लिए परिंडों को सप्ताह में खाली करना जरूरी है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 2.4.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 4 जैड मुरब्बा नं. 68 के किला नं. 15 में माप 186.66 वर्गगज का पट्टा संख्या 1869 दिनांक 12.09.2013 को श्री पवन चावला पुत्र श्री कुन्दन लाल चावला के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती ममता अरोड़ा पत्नी श्री किरण कुमार अरोड़ा निवासी म.न. आरएसएच-24, रिद्धि-सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 911.5 वर्गफीट जरियें पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.02.2025 के द्वारा एवं श्री हरप्रीन पुत्र श्री मनोहर लाल निवासी 1/11 शंकर कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा माप 768.5 वर्गफीट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.02.2025 के द्वारा क्रय कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे एवं पंजीकृत बैयनामों का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करखाते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 14529427 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/3839 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 03-04-2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रजनी बंसल पुत्री श्री मोहन लाल पत्नी स्व. श्री हरजीत लाल बंसल निवासी रिकांग पोस्ट ऑफिस तहसील कल्पा जिला किन्नौर हिमाचल प्रदेश के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
उक 4 एमएल मुरब्बा नं. 29 किला नं. 16, 25 भूखण्ड संख्या एचसी-381 माप 25 इंटू 51 फीट होमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 3851 दिनांक 22.04.2006 को श्री संजीव मित्तल जरिये डायरेक्टर होमलैण्ड सिटी प्रोजेक्टर लि. पुत्र श्री मेघराज मित्तल के नाम से जारी किया हुआ है।	रजनी बंसल द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 16.06.2023 द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखण्ड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में रजनी बंसल पुत्री श्री मोहन लाल पत्नी स्व. श्री हरजीत लाल बंसल निवासी रिकांग पोस्ट ऑफिस तहसील कल्पा जिला किन्नौर हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज / फ्री लीज होल्ड पट्टें के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमख़ास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1569 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3838 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 2.4.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शालू कुमारी पत्नी श्री हेमंत सिंधी निवासी वार्ड नं. 15, सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर एवं श्रीमती मन्जू केंवर पत्नी श्री दलीप सिंह निवासी गुरूद्वारे के पास, तिलक नगर, बीकानेर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 51 किला नं. 08 भू.सं. डी-12 माप 25 इंटू 60 फीट सिटी बॉलीवुड, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 3884 दिनांक 1.10.2014 को श्री रामप्रकाश पुत्र श्री बाबूलाल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती शालू कुमारी व श्रीमती मंजू केंवर द्वारा उक्त भूखंड